This is a digitally signed Gazette, to verify click here.
http://rajpatrahimachal.nic.in

राजपत्र, हिमाचल प्रदेश

हिमाचल प्रदेश राज्य शासन द्वारा प्रकाशित

सोमवार, 11 अप्रैल, 2016 / 22 चैत्र, 1938

हिमाचल प्रदेश सरकार

TRANSPORT DEPARTMENT

NOTIFICATION

Shimla-2, the 7th April, 2016

No. TPT-F (1)-3/2015-I.—In continuation of this department Notification No. Tpt-F(1)-4/1996-V-Loose dated 30.12.2014 the Governor, Himachal Pradesh in pursuance of the powers conferred under clause (iii) of proviso to sub rule (1) of rule 108 of the Central Motor Vehicle Rules, 1989 and all other powers enabling him in this behalf, is pleased to allow to use "Amber Light with Flasher" upon top front of the official vehicle of Mayor, Municipal Corporation,

Dharamshala within his jurisdiction. This notification will be effective from the date of publication in H.P. Rajpatra (Extraordinary).

By order,
(Sanjay Gupta),
Principal Secretary (Transport).

हिमाचल प्रदेश विधान सभा सचिवालय

अधिसूचना

दिनांक : 4 अप्रैल, 2016

संख्याः वि0स0–विधायन–सरकारी विधेयक / 1–11–2016.––हिमाचल प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमावली, 1973 के नियम 140 के अन्तर्गत हिमाचल प्रदेश स्थानीय क्षेत्र में माल के प्रवेश पर कर (संशोधन) विधेयक, 2016 (2016 का विधेयक संख्यांक 3) जो आज दिनांक 4 अप्रैल, 2016 को हिमाचल प्रदेश विधान सभा में पुरःस्थापित हो चुका है, सर्व–साधारण की सूचनार्थ राजपत्र में मुद्रित करने हेतु प्रेषित किया जाता है।

हस्ताक्षरित / –
सचिव,
हि0 प्र0 विधान सभा।

2016 का विधेयक संख्यांक 3

हिमाचल प्रदेश स्थानीय क्षेत्र में माल के प्रवेश पर कर (संशोधन) विधेयक, 2016

(विधान सभा में पुरःस्थापित रूप में)

हिमाचल प्रदेश स्थानीय क्षेत्र में माल के प्रवेश पर कर अधिनियम, 2010 (2010 का अधिनियम संख्यांक 9) का और संशोधन करने के लिए **विधेयक**।

भारत गणराज्य के सड़सठवें वर्ष में हिमाचल प्रदेश विधान सभा द्वारा निम्नलिखित रूप में यह अधिनियमित हो :–

1. **संक्षिप्त नाम.**–– इस अधिनियम का संक्षिप्त नाम हिमाचल प्रदेश स्थानीय क्षेत्र में माल के प्रवेश पर कर (संशोधन) अधिनियम, 2016 है।

2. **धारा 3 का संशोधन.**––हिमाचल प्रदेश स्थानीय क्षेत्र में माल के प्रवेश पर कर अधिनियम, 2010 (जिसे इसमें इसके पश्चात् ''मूल अधिनियम'' कहा गया है) की धारा 3 की उपधारा (4) के खण्ड (ii) में ''क्रम संख्या 6 और 7'' शब्दों और अंकों के स्थान पर ''क्रम संख्या 1 (क)'' शब्द, अंक और चिन्ह रखे जाएंगे।

3. **नई धारा 4–क का अन्तःस्थापन.**––मूल अधिनियम की धारा 4 के पश्चात् निम्नलिखित नई धारा अन्तःस्थापित की जाएगी, अर्थात् :–

''4–क. ई–कामर्स पर कर का उद्ग्रहण.–(1) धारा 3 में किसी बात के होते हुए भी अनुसूची–2 में विनिर्दिष्ट माल के स्थानीय क्षेत्र में ऑनलाइन क्रय या संव्यवहार के माध्यम से या ई–कामर्स के माध्यम से प्रवेश पर कर उद्गृहीत किया जाएगा।

(2) कर, माल के मूल्य पर, विहित रीति में उद्गृहीत किया जाएगा और आयातकर्ता की ओर से माल के भारसाधक व्यक्ति से संगृहीत किया जाएगा।"।

4. धारा 6–क का संशोधन.––मूल अधिनियम की धारा 6–क में,–

(क) उपधारा (1) और (2) के स्थान पर निम्नलिखित उपधाराएं रखी जाएंगी, अर्थात् :–

''(1) प्रत्येक रजिस्ट्रीकृत व्यौहारी विवरणी को ऐसी रीति में दाखिल करेगा जैसी विहित की जाए।

(2) उपधारा (1) के अधीन विवरणी को दाखिल करने से पूर्व व्यौहारी यथाविहित प्रत्येक अवधि के लिए देय कर की सम्पूर्ण रकम जमा करेगा और ऐसे कर के संदाय का सबूत निर्धारण प्राधिकारी को देगा।''; और

(ख) उपधारा (3) में ''मासिक'' शब्द का लोप किया जाएगा।

———————————

उद्देश्यों और कारणों का कथन

राज्य के भीतर डीजल और स्नेहकों का क्रय करने वाला व्यौहारी क्रमशः 16% और 13.75% की दर से मूल्य परिवर्धित कर का संदाय करता है। जब ऐसा व्यौहारी ऐसे ईंधन और स्नेहकों का उपयोग कराधेय माल के विनिर्माण या ऊर्जा के नियन्त्रित उत्पादन में करता है तो उसे क्रमशः 12% और 9.75% आगत कर प्रत्यय अनुज्ञात किया जाता है, क्योंकि हिमाचल प्रदेश मूल्य परिवर्धित कर अधिनियम, 2005 की धारा 11 की उपधारा (3) के द्वितीय परन्तुक के अनुसार, ईंधन और स्नेहकों पर आगत कर प्रत्यय केवल उस विस्तार तक अनुज्ञात किया जाता है, जहां राज्य में संदत्त कर 4% से अधिक हो। परिणामस्वरुप व्यौहारी को केवल 4% कर ही संदत्त करना पड़ता है। जबकि इसके विपरीत यदि व्यौहारी राज्य के बाहर से डीजल और स्नेहक लाता है तो वह 12% प्रवेश कर और 2% केन्द्रीय विक्रय कर संदत्त करने का दायी है। यदि ऐसा व्यौहारी डीजल और स्नेहकों का उपयोग विक्रय हेतु कराधेय माल के विनिर्माण में करता है तो ऐसा व्यौहारी 12% का मुजरा (सैट ऑफ) प्राप्त करता है और ऐसे व्यौहारी पर कर भार की अंतिम विवक्षा केन्द्रीय विक्रय कर का केवल 2% है। अतः राज्य के भीतर डीजल और स्नेहकों का क्रय करने वाला व्यौहारी उस व्यौहारी की तुलना में अधिक भार वहन करता है जो विक्रय हेतु कराधेय माल के विनिर्माण में उपयोग के लिए राज्य के बाहर से डीजल और स्नेहकों का क्रय कर रहा है। परिणामस्वरूप व्यौहारी राज्य के बाहर से इनका क्रय करने को अधिमान देता है और व्यौहारियों के ऐसे प्रवर्ग से राज्य को कोई राजस्व प्राप्त नहीं होता है । इसलिए, राज्य के बाहर से डीजल और स्नेहकों के क्रय पर मुजरा (सैट ऑफ) न्यायोचित नहीं है।इसके अतिरिक्त, निरन्तर बढ़ते हुए ऑन लाइन शॉपिंग बिजनेस से सम्भाव्य राजस्व का दोहन (टेप) करने के दृष्टिगत यह प्रस्तावित है कि ऑन लाइन क्रयों को पूर्वोक्त अधिनियम की परिधि के अधीन लाया जाए और आयातकर्त्ता की ओर से ऐसे माल का भार–साधक व्यक्ति कर संदत्त करने के लिए दायी होगा । इसके अतिरिक्त यह भी अनिवार्य समझा गया है कि विभाग द्वारा प्रशासित विभिन्न अधिनियमितियों के अधीन रजिस्ट्रीकृत व्यौहारी संयुक्त विवरणियां दाखिल करें और केवल एक दी गई अवधि के दौरान ही करों का संदाय करें। इससे व्यौहारियों को अपने कारबार का सुगमता से प्रबन्ध करना सुकर हो जाएगा और यह विभाग को अधिक प्रभावी रुप से अधिनियम

को प्रशासित करने में भी समर्थ बनाएगा। इसलिए, वांछनीय उद्देश्यों को पूरा करने के आशय से पूर्वोक्त अधिनियम में तद्नुसार उपयुक्त संशोधन करने का विनिश्चय किया गया है।

यह विधेयक उपर्युक्त उद्देश्यों की पूर्ति के लिए है।

(प्रकाश चौधरी)
प्रभारी मन्त्री।

शिमला :

तारीख : ....., 2016

वित्तीय ज्ञापन

विधेयक के उपबन्ध अधिनियमित किए जाने पर विद्यमान सरकारी तन्त्र द्वारा प्रवर्तित किए जाएंगे और राजकोष से कोई अतिरिक्त व्यय नहीं होगा।

प्रत्यायोजित विधान सम्बन्धी ज्ञापन

विधेयक के खण्ड 3 और 4, व्यौहारी द्वारा विवरणी दाखिल करने के लिए प्रक्रिया का और प्रवेश कर के उद्ग्रहण की रीति का उपबंध करने हेतु राज्य सरकार को नियम बनाने के लिए सशक्त करते हैं। शक्तियों का प्रस्तावित प्रत्यायोजन अनिवार्य और सामान्य स्वरुप का है।

AUTHORITATIVE ENGLISH TEXT

Bill No. 3 of 2016

THE HIMACHAL PRADESH TAX ON ENTRY OF GOODS IN TO LOCAL AREA (AMENDMENT) BILL, 2016

(As Introduced in the Legistlative Assembly)

A

BILL

further to amend the Himachal Pradesh Tax on Entry of Goods into Local Area Act, 2010 (Act No. 9 of 2010).

Be it enacted by the Legislative Assembly of Himachal Pradesh in the Sixty-seventh Year of the Republic of India as follows :—

1. Short title.—This Act may be called the Himachal Pradesh Tax on Entry of Goods into Local Area (Amendment) Act, 2016.

2. Amendment of section 3.—In section 3 of the Himachal Pradesh Tax on Entry of Goods into Local Area Act, 2010 (hereinafter referred to as the "principal Act"), in sub-section (4), in clause (ii), for the words, figures and signs "Sr. Nos. 6 and 7", the words, figure and signs "Sr. No. 1(a)" shall be substituted.

3. Insertion of new section 4-A.—After section 4 of the principal Act, the following new section shall be inserted, namely:—

"4-A. Levy of tax on e-commerce.—(1) Notwithstanding anything contained in section 3, there shall be levied a tax on entry of goods specified in Schedule-II into local area made through online purchase or transaction or through e-commerce.

(2) The tax shall be levied on the value of the goods in the manner prescribed and shall be collected from the person-in-charge of the goods on behalf of the importer.".

4. Amendment of section 6-A.—In section 6-A of the principal Act,—

(a) for sub-sections (1) and (2), the following sub-sections shall be substituted, namely:—

"(1) Every registered dealer shall furnish return in such manner as may be prescribed.

(2) Before filing of return under sub-section (1), a dealer shall deposit full amount of tax due for each period as prescribed and shall furnish the proof of payment of such tax to the Assessing Authority."; and

(b) in sub-section (3), the word "monthly" shall be omitted.

STATEMENT OF OBJECTS AND REASONS

A dealer who buys diesel and lubricants within the State pays Value Added Tax at the rate of 16% and 13.75% respectively. When a dealer uses such fuel and lubricants in the manufacture of taxable goods or captive generation of power, he is allowed an Input Tax Credit of 12% and 9.75% respectively, because according to second proviso to sub-section (3) of section 11 of the Himachal Pradesh Value Added Tax Act, 2005, Input Tax Credit on fuel and lubricants is allowed only to the extent by which the tax paid in the State exceeds 4%. As a result a dealer has to pay only 4% tax. Whereas, on the other hand if the dealer brings diesel and lubricants from outside the State, he is liable to pay 12% Entry Tax and 2% CST. If such dealer uses the diesel and lubricants in manufacturing of taxable goods for sale, then such dealer gets set off of 12% and final implication of tax burden on such dealer is only 2% of the Central Sales Tax. Thus a dealer buying diesel and lubricants within the State bears a higher burden *vis-a-vis* a dealer buying diesel and lubricants from outside the State for using in manufacturing of taxable goods for sale. As a result dealer prefers to buy from outside the State and the State gets no revenue from such class of dealers. Therefore, set off on purchase of diesel and lubricants from outside the State is not justified. Further, with a view to tap the revenue potential of the ever growing online shopping business it is proposed that online purchases may be brought under the ambit of the Act ibid and the person-in-charge of such goods shall be liable to pay the tax on behalf of the importer. Further, it is also considered imperative that dealers registered under the different enactments administrated by the Department should file combined returns and make payment of taxes during one given period only. This will facilitate the dealers in managing their business easily and will also enable the department

to administer the Act more effectively. Thus, in order to achieve the desired objectives, it has been decided to make suitable amendments in the Act ibid accordingly.

This Bill seeks to achieve the aforesaid objectives.

(PRAKASH CHAUDHARY)
Minister-in-Charge.

SHIMLA :

The……, 2016.

FINANCIAL MEMORANDUM

The provisions of the Bill when enacted are to be enforced through the existing Government machinery and there will be no additional expenditure from the State exchequer.

MEMORANDUM REGARDING DELEGATED LEGISLATION

Clauses 3 and 4 of the Bill seeks to empower the State Government to make rules providing for the procedure for filing of returns by the dealer and manner for levy of entry tax. The proposed delegation of power is essential and normal in character.

हिमाचल प्रदेश विधान सभा सचिवालय

अधिसूचना

दिनांक : 4 अप्रैल, 2016

संख्याः वि0स0–विधायन–सरकारी विधेयक / 1–9–2016.––हिमाचल प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमावली, 1973 के नियम 140 के अन्तर्गत हिमाचल प्रदेश निक्षेपकों के हित का (वित्तीय स्थापनों में) संरक्षण संशोधन विधेयक, 2016 (2016 का विधेयक संख्यांक 4) जो आज दिनांक 4 अप्रैल, 2016 को हिमाचल प्रदेश विधान सभा में पुरःस्थापित हो चुका है, सर्व–साधारण की सूचनार्थ राजपत्र में मुद्रित करने हेतु प्रेषित किया जाता है।

हस्ताक्षरित / –
सचिव,
हि0 प्र0 विधान सभा।

2016 का विधेयक संख्यांक 4

हिमाचल प्रदेश निक्षेपकों के हित का (वित्तीय स्थापनों में) संरक्षण संशोधन विधेयक, 2016

(विधान सभा में पुरःस्थापित रुप में)

हिमाचल प्रदेश निक्षेपकों के हित का (वित्तीय स्थापनों में) संरक्षण अधिनियम, 1999 (2000 का अधिनियम संख्यांक 19) का और संशोधन करने के लिए **विधेयक**।

भारत गणराज्य के सड़सठवें वर्ष में हिमाचल प्रदेश विधान सभा द्वारा निम्नलिखित रूप में यह अधिनियमित हो :–

1. **संक्षिप्त नाम.––** इस अधिनियम का संक्षिप्त नाम हिमाचल प्रदेश निक्षेपकों के हित का (वित्तीय स्थापनों में) संरक्षण संशोधन अधिनियम, 2016 है।

2. **धारा 2 का संशोधन.––**हिमाचल प्रदेश निक्षेपकों के हित का (वित्तीय स्थापनों में) संरक्षण अधिनियम, 1999 (2000 का 19) (जिसे इसमें इसके पश्चात् 'मूल अधिनियम' कहा गया है) की धारा 2 में,–

(अ) खण्ड (ख) और (ग) के स्थान पर निम्नलिखित खण्ड रखे जाएंगे, अर्थात् :–

''(ख) ''निक्षेप'' के अन्तर्गत किसी वित्तीय स्थापन द्वारा धन की कोई प्राप्ति या किसी मूल्यवान वस्तु का प्रतिग्रहण आएगा जिसे किसी विनिर्दिष्ट कालावधि के पश्चात् या अन्यथा या तो नकद या वस्तु रूप में या किसी विनिर्दिष्ट सेवा के रूप में प्रसुविधा सहित या बिना किसी प्रसुविधा के ब्याज, बोनस, लाभ के रूप में या किसी अन्य रूप में वापस किया जाना हो और सदैव इसके अन्तर्गत समझा जाएगा किन्तु निम्नलिखित इसके अन्तर्गत नहीं है–

(i) शेयर पूंजी द्वारा या कैसे भी डिबेंचर, बॉण्ड द्वारा या दिए गए मार्गदर्शक सिद्धान्तों और भारतीय प्रतिभूति और विनियम अधिनियम, 1992 (1992 का 15) के अधीन स्थापित भारतीय प्रतिभूति और विनियम बोर्ड द्वारा बनाए गए विनियमों के अधीन आने वाली किसी अन्य लिखत द्वारा जुटाई गई रकम,

(ii) रकमें जिनका पूंजी के रूप में किसी फर्म के भागीदारों द्वारा अभिदाय किया गया हो,

(iii) किसी अधिसूचित बैंक या सहकारी बैंक या बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (1949 का 10) की धारा 5 के खण्ड (ग) में यथा परिभाषित किसी अन्य बैंककारी कम्पनी से प्राप्त रकमें,

(iv) निम्नलिखित से प्राप्त कोई रकम–

(क) भारतीय औद्योगिक विकास बैंक,

(ख) राज्य वित्तीय संस्था,

(ग) भारतीय औद्योगिक विकास बैंक अधिनियम, 1964 (1964 का 18) की धारा 6–क में या उसके अधीन विनिर्दिष्ट कोई वित्तीय संस्था, या

(घ) कोई अन्य संस्था जो इस निमित्त सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट की जाए,

(v) कारबार के सामान्य अनुक्रम में निम्नलिखित द्वारा प्राप्त रकम–

(क) प्रतिभूति निक्षेप,

(ख) डीलरशिप निक्षेप,

(ग) अग्रिम धन, या

(घ) माल या सेवाओं की मांग के विरुद्ध अग्रिम,

(vi) किसी व्यष्टि या फर्म या व्यष्टियों के किसी संगम, जो राज्य में तत्समय प्रवृत्त साहूकारी से सम्बन्धित किसी अधिनियमिति के अधीन रजिस्ट्रीकृत कोई निगमित निकाय न हो, से प्राप्त कोई रकम, और

(vii) चिट की प्राप्ति में अभिदानों के रूप में प्राप्त कोई रकम;

स्पष्टीकरण-I.—''चिट'' का वही अर्थ होगा जो चिट फण्ड अधिनियम, 1982 (1982 का 40) की धारा 2 के खण्ड (ख) में है।

स्पष्टीकरण-II.—कोई संव्यवहार इस खण्ड के अर्थान्तर्गत चिट नहीं है, यदि ऐसे संव्यवहार में,–

(i) अभिदाताओं में से कोई एकमात्र, न कि समस्त भावी अभिदानों के संदाय के किसी दायित्व के बिना इनाम रकम प्राप्त करता हो, या

(ii) समस्त अभिदाता, भावी अभिदानों के संदाय के दायित्व सहित, बारी–बारी से चिट रकम प्राप्त करते हों।

स्पष्टीकरण.—किसी क्रेता द्वारा, किसी सम्पत्ति (चाहे चल या अचल हो) के विक्रय पर किसी विक्रेता को दिया गया कोई उधार इस खण्ड के प्रयोजनों के लिए निक्षेप नहीं समझा जाएगा;

(ग) ''वित्तीय स्थापन'' से किसी स्कीम या प्रबन्ध के अधीन या किसी अन्य रीति में निक्षेप अभिप्रात करने के कारबार को कार्यान्वित करने के लिए कोई व्यष्टि, व्यष्टियों का संगम, फर्म या कम्पनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) (2013 का 18) या कम्पनी अधिनियम, 2013 के अधीन रजिस्ट्रीकृत कोई कम्पनी अभिप्रेत है किन्तु इसमें किसी राज्य सरकार या केन्द्रीय सरकार के स्वामित्व में या उसके नियन्त्रणाधीन कोई निगम या कोई सहकारी सोसाइटी या बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 5 के खण्ड (ग) के अधीन यथा परिभाषित कोई बैंककारी कम्पनी सम्मिलित नहीं है;''; और

(आ) खण्ड (ङ) के पश्चात् निम्नलिखित नया खण्ड अन्तःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :–

''(च) ''अभिहित न्यायालय'' से धारा 6 के अधीन गठित अभिहित न्यायालय अभिप्रेत है।''।

3. नई धारा 13क, 13ख, 13ग, 13घ, 13ङ, 13च और 13छ का अन्तःस्थापन.— मूल अधिनियम की धारा 13 के पश्चात् निम्नलिखित नई धाराएं अन्तःस्थापित की जाएंगी, अर्थात् :–

13क. ''वित्तीय स्थापनों द्वारा रिपोर्ट और विवरणी.––(1) प्रत्येक वित्तीय स्थापन, जो इस रूप में अपना कारबार हिमाचल प्रदेश राज्य में इस अधिनियम के प्रारम्भ को या इसके पश्चात् प्रारम्भ या कार्यान्वित करता है तो वह जिला कलक्टर और जिला के पुलिस अधीक्षक को, ऐसे कारबार को कार्यान्वित करने के अपने प्राधिकार के बारे में ब्यौरों, राज्य में वित्तीय स्थापन की अवस्थिति और इसके मुख्य शाखा कार्यालय, यदि कोई है, जहां कहीं अवस्थित हो और राज्य में वित्तीय स्थापन के कारबार या कार्यकलापों के प्रबन्धन या

संचालन के लिए उत्तरदायी प्रत्येक व्यक्ति के स्थायी पते और ऐसी अन्य विशिष्टियाँ, जो विहित की जाएं, का वर्णन करते हुए रिपोर्ट करेगा।

(2) ऐसी रिपोर्ट, उस तारीख जिसको वित्तीय स्थापन इस रूप में राज्य में अपना कारबार प्रारम्भ या कार्यान्वित करता है, से सात दिन के भीतर की जाएगी :

परन्तु ऐसा वित्तीय स्थापन, जो इस अधिनियम के प्रारम्भ से पूर्व इस रूप में अपना कारबार कार्यान्वित कर रहा है, ऐसे प्रारम्भ की तारीख से सात दिन के भीतर ऐसी रिपोर्ट करेगा।

(3) प्रत्येक वित्तीय स्थापन, अपने कारबार और वित्तीय स्थिति, अपने निवेश के क्षेत्र और राज्य के भीतर और इससे बाहर इसके द्वारा किए गए धन के विनिधान (निवेश) की अवस्थिति, यदि कोई है, और ऐसी अन्य विशिष्टियां, जैसी विहित की जाएं, की बाबत जिला कलक्टर और जिला के पुलिस अधीक्षक को वित्तीय वर्ष की प्रत्येक तिमाही के अवसान से एक मास के भीतर त्रैमासिक विवरणी प्रस्तुत करेगा।

(4) जो कोई इस धारा के उपबन्धों का उल्लंघन करता है, जुर्माने से, जो पचास हजार रुपए तक का हो सकेगा, दण्डनीय होगा।

13ख. अपराधों का शमन.––(1) धारा 5 के अधीन दण्डनीय अपराध का, अभियोजन संस्थित करने से पूर्व, सक्षम प्राधिकारी द्वारा या अभियोजन संस्थित करने के पश्चात् अभिहित न्यायालय की अनुज्ञा से सक्षम प्राधिकारी द्वारा निक्षेपकों को ब्याज सहित या ब्याज के बिना देय सम्पूर्ण रकम के संदाय पर, शमन किया जा सकेगा।

(2) जहां उपधारा (1) के अधीन किसी अपराध का शमन किया गया है तो वहां इस प्रकार शमनित अपराध की बाबत किसी अपराधी के विरुद्ध, यथास्थिति, कोई कार्यवाही या आगामी कार्यवाही नहीं की जाएगी या जारी नहीं रखी जा सकेगी और अपराधी यदि अभिरक्षा में है, तो उसे तत्काल उन्मोचित कर दिया जाएगा।

13ग. अग्रिम जमानत का प्रदान न किया जाना.––दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का 2) की धारा 438 में किसी बात के होते हुए भी, कोई भी न्यायालय, इस अधिनियम के अधीन, किसी भी व्यक्ति को अग्रिम जमानत प्रदान नहीं करेगा।

13घ. सद्भावपूर्वक की गई कार्रवाई के लिए संरक्षण.––इस अधिनियम के अधीन सद्भावपूर्वक की गई या की जाने के लिए आशयित किसी बात के लिए कोई भी वाद या अन्य कार्यवाहियां सरकार या सरकार के सक्षम प्राधिकारी या अधिकारी या कर्मचारी के विरुद्ध नहीं होंगी।

13ङ. कठिनाईयों को दूर करने की शक्ति.––(1) यदि इस अधिनियम के उपबन्धों को प्रभावी करने में कोई कठिनाई उत्पन्न होती है तो सरकार, आदेश द्वारा, ऐसे उपबन्ध, जो इस अधिनियम के उपबन्धों से असंगत न हों, जो इसे कठिनाई को दूर करने के लिए आवश्यक प्रतीत हों, कर सकेंगी :

परन्तु इस धारा के अधीन ऐसा कोई आदेश इस अधिनियम के प्रारम्भ की तारीख से दो वर्ष की अवधि की समाप्ति के पश्चात् नहीं किया जाएगा।

(2) इस धारा के अधीन किया गया प्रत्येक आदेश इसके किए जाने के पश्चात्, यथाशीघ्र राज्य विधान सभा के समक्ष रखा जाएगा।

13च. विशेष लोक अभियोजक.––सरकार अधिसूचना द्वारा, अभिहित न्यायालय में मामलों के संचालन के लिए प्रत्येक अभिहित न्यायालय के लिए विशेष लोक अभियोजक के रूप में कम से कम दस वर्ष के अनुभव वाले किसी एक या एक से अधिक अधिवक्ता की नियुक्ति कर सकेगी।

13छ. अपराधों की बाबत अभिहित न्यायालय की प्रक्रिया और शक्तियां.––(1) अभिहित न्यायालय, विचारण के लिए अभियुक्त को उसे सपुर्द किए बिना, अपराध का संज्ञान ले सकेगा और अभियुक्त व्यक्ति का विचारण करते समय, मजिस्ट्रेट द्वारा वारण्ट मामलों का विचारण करने के लिए दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का 2) में विहित प्रक्रिया का अनुसरण किया जाएगा।

(2) दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का 2) के उपबन्ध, यथासम्भव, अभिहित न्यायालय के समक्ष कार्यवाहियों को लागू होंगे और उक्त उपबन्धों के प्रयोजनों के लिए अभिहित न्यायालय मजिस्ट्रेट समझा जाएगा।''।

————————

उद्देश्यों और कारणों का कथन

राज्य में गैर–बैंककारी वित्तीय कम्पनियों के क्रियाकलापों को नियंत्रित करने और इन कम्पनियों में निक्षेपकों (जमाकर्ताओं) के हितों के संरक्षण के आशय से राज्य सरकार ने ''हिमाचल प्रदेश निक्षेपकों के हित का (वित्तीय स्थापनों में) संरक्षण अधिनियम, 1999 (2000 का अधिनियम संख्यांक 19)'' अधिनियमित किया है। भारतीय रिजर्व बैंक ने पूर्वोक्त अधिनियम में कुछ और उपबन्धों को सम्मिलित करने की संस्तुति की है। इन संस्तुतियों का परीक्षण किया गया और विचार किया गया कि इन नए उपबंधों का सम्मिलित किया जाना विद्यमान विधान में कतिपय कमियों को दूर करने में सहायक होगा जो इसे और अधिक भयोपरापी और प्रभावी बनाएगा। इसलिए पूर्वोक्त अधिनियम में संशोधन करने आवश्यक हो गए हैं।

यह विधेयक उपर्युक्त उद्देश्यों की पूर्ति के लिए है।

(वीरभद्र सिंह)
मुख्य मन्त्री।

शिमला :
तारीख....., 2016

————————

वित्तीय ज्ञापन

–शून्य–

————————

प्रत्यायोजित विधान सम्बन्धी ज्ञापन

–शून्य–

————————

AUTHORITATIVE ENGLISH TEXT

Bill No. 4 of 2016

THE HIMACHAL PRADESH PROTECTION OF INTERESTS OF DEPOSITORS (IN FINANCIAL ESTABLISHMENTS) AMENDMENT BILL, 2016

(AS INTRODUCED IN THE LEGISLATIVE ASSEMBLY)

A

BILL

further to amend the Himachal Pradesh Protection of Interests of Depositors (in Financial Establishments) Act, 1999 (Act No. 19 of 2000).

BE it enacted by the Legislative Assembly of Himachal Pradesh in the Sixty-seventh Year of the Republic of India as follows:—

1. Short title.—This Act may be called the Himachal Pradesh Protection of Interests of Depositors (in Financial Establishments) Amendment Act, 2016.

2. Amendment of Section 2.—In section 2 of the Himachal Pradesh Protection of Interests of Depositors (in Financial Establishments) Act, 1999 (Act No. 19 of 2000) (hereinafter referred to as the 'principal Act'),—

(A) for clauses (b) and (c), the following clauses shall be substituted, namely:—

"(b) "Deposit" includes and shall be deemed always to have included any receipt of money or acceptance of any valuable commodity by any Financial Establishment to be returned after a specified period or otherwise, either in cash or in kind or in the form of a specified service with or without any benefit in the form of interest, bonus, profit, or in any other form, but does not include—

(i) amount raised by way of share capital or by any way of debenture, bond or any other instrument covered under the guidelines given, and regulations made, by the Securities and Exchange Board of India, established under the Securities and Exchange Board of India Act, 1992, (15 of 1992)

(ii) amounts contributed as capital by partners of a firm,

(iii) amounts received from a Scheduled bank or Co-operative bank or any other banking company as defined in clause (c) of section 5 of the Banking Regulation Act,1949, (10 of 1949)

(iv) any amount received from—

(a) the Industrial Development Bank of India,

(b) a State Financial Institution,

(c) any financial institution specified in or under section 6-A of Industrial Development Bank of India Act, 1964, (18 of 1964) or

(d) any other institution that may be specified by the Government in the behalf,

(v) amount received in the ordinary course of business by way of—

(a) security deposit,

(b) dealership deposit,

(c) earnest money, or

(d) advance against order for goods or services,

(vi) any amount received from an individual or a firm or an association of individuals not being a body corporate, registered under any enactment relating to money lending which is for the time being in force in the State, and

(vii) any amount received by way of subscription in receipt of a Chit;

Explanation-I.—''Chit'' has the meaning as assigned to in clause (b) of section 2 of the Chit Funds Act, 1982 (40 of 1982).

Explanation-II.— A transaction is not a Chit within the meaning of this clause, if in such transaction,—

(i) some alone, but not all, of the subscribers get the prize amount without any liability to pay future subscriptions, or

(ii) all the subscribers get the Chit amount by turns with a liability to pay future subscriptions.

Explanation.—Any credit given by a seller to a buyer on the sale of any property (whether movable or immovable) shall not be deemed to be a deposit for the purposes of this clause;

(c) **"Financial Establishment"** means an individual, an association of individuals, a firm or a company registered under the Companies Act, 1956 (1 of 1956 18 of 2013) or Companies Act, 2013, carrying on the business of receiving deposits under any scheme or arrangement or in any other manner but does not include a corporation or a co-operative society owned or controlled by any State Government or the Central Government, or a banking company as defined under clause (c) of section 5 of the Banking Regulation Act, 1949;''; (15 of 1992) and

(B) after clause (e), the following new clause shall be inserted, namely:—

"(f) "Designated Court" means the Designated Court constituted under section 6.".

3. Insertion of new sections 13A, 13B, 13C, 13D, 13E, 13F and 13G.—After section 13 of the principal Act, the following new sections shall be inserted, namely:—

13A. "Report and return by Financial Establishments.—(1) Every Financial Establishment which commences or carries on its business as such in the State on or after the commencement of this Act, shall make a report to the District Collector and the Superintendent of Police of the district, mentioning the details about its authority to carry on such business, the

location of the Financial Establishment in the State and its main branch office, if any, wherever situated, permanent address of every person responsible for the management of, or conducting of the business or affairs of, the Financial Establishment in the State and such other particulars as may be prescribed.

(2) Such report shall be made within seven days from the date on which a Financial Establishment commences or carries on its business as such in the State :

Provided that a Financial Establishment which has been carrying on its business as such prior to the commencement of this Act shall make such report within seven days from the date of such commencement.

(3) Every Financial Establishment shall furnish a quarterly return within one month of the expiry of each quarter of a financial year to the District Collector and the Superintendent of Police of the district in respect of its business and financial position, the area of its investment and the location of investments of moneys made by it within and outside the State, if any, and such other particulars as may be prescribed.

(4) Whoever contravenes the provisions of this section shall be punishable with fine which may extend to fifty thousand rupees.

13B. Compounding of offence.—(1) An offence punishable under section 5 may, before the institution of the prosecution, be compounded by the Competent Authority or after the institution of the prosecution, be compounded by the Competent Authority with the permission of the Designated Court on payment of the entire amount due to the depositors with or without interest.

(2) Where an offence has been compounded under sub-section (1), no proceeding or further proceeding, as the case may be, shall be taken or continued against the offender in respect of the offence so compounded and the offender, if in custody, shall be discharged forthwith.

13C. Anticipatory bail not to be granted.—Notwithstanding anything contained in section 438 of the Code of Criminal Procedure, 1973, (2 of 1974) no Court shall grant anticipatory bail to any person under this Act.

13D. Protection of action taken in good faith.—No suit or other proceedings shall lie against the Government or the Competent Authority or an officer or employee of the Government for anything which is, in good faith, done or intended to be done under this Act.

13E. Power to remove difficulties.—(1) If any difficulty arises in giving effect to the provisions of this Act, the Government may, by order, make such provisions not inconsistent with the provisions of this Act as may appear to be necessary for removing the difficulty :

Provided that no order shall be made under this section after expiry of a period of two years from the date of commencement of this Act.

(2) Every order made under this section shall be laid, as soon as may be after it is made, before the State Legislature.

13F. Special Public Prosecutor.—The Government shall, by Notification, appoint one or more Advocates of not less than ten years standing practice as Special Public Prosecutor for each of the Designated Court for the purpose of conducting cases.

13G. Procedure and powers of Designated Court regarding offences.—The Designated Court may take cognizance of the offence without the accused being committed to it for trial and in trying the accused person, shall follow the procedure prescribed in the Code of Criminal Procedure, 1973 (2 of 1974) for the trial of warrant cases by Magistrates.

(2) The provisions of the Code of Criminal Procedure, 1973 shall, so far as may be, apply to the proceedings before a Designated Court and for the purposes of the said provisions, a Designated Court shall be deemed to be a Magistrate.''.

STATEMENT OF OBJECTS AND REASONS

In order to control the activities of Non-Banking Financial Companies in the State and to protect the interests of the depositors in these companies, the State Government has enacted "The Himachal Pradesh Protection of Interests of Depositors (in Financial Establishments) Act, 1999 (Act No. 19 of 2000)". The Reserve Bank of India has recommended some more provisions to be incorporated in the Act *ibid* . These recommendations have been examined and it is considered that the incorporation of these new provisions would help to remove certain infirmities in the existing legislation and make it more deterrent and effective. This has necessitated amendments in the Act, *ibid*.

This Bill seeks to achieve the aforesaid objective.

(VIRBHADRA SINGH)
Chief Minister.

SHIMLA :

The.....2016.

FINANCIAL MEMORANDUM

—NIL—

MEMORANDUM REGARDING DELEGATED LEGISLATION

—NIL—

हिमाचल प्रदेश विधान सभा सचिवालय

अधिसूचना

दिनांक : 4 अप्रैल, 2016

संख्याः वि0स0–विधायन–सरकारी विधेयक / 1–12–2016.––हिमाचल प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमावली, 1973 के नियम 140 के अन्तर्गत हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (संशोधन) विधेयक, 2016 (2016 का विधेयक संख्यांक 5) जो आज दिनांक 4 अप्रैल, 2016 को हिमाचल प्रदेश विधान सभा में पुरःस्थापित हो चुका है, सर्व–साधारण की सूचनार्थ राजपत्र में मुद्रित करने हेतु प्रेषित किया जाता है।

हस्ताक्षरित / –
सचिव,
हि0 प्र0 विधान सभा।

———————

2016 का विधेयक संख्यांक 5

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (संशोधन) विधेयक, 2016

(विधान सभा में पुरःस्थापित रूप में)

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम, 1994 (1994 का अधिनियम संख्यांक 4) का और संशोधन करने के लिए **विधेयक**।

भारत गणराज्य के सड़सठवें वर्ष में हिमाचल प्रदेश विधान सभा द्वारा निम्नलिखित रूप में यह अधिनियमित हो :–

1. **संक्षिप्त नाम.**–– इस अधिनियम का संक्षिप्त नाम हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (संशोधन) अधिनियम, 2016 है।

2. **धारा 5 का संशोधन.**––हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा 5 की उपधारा (3) में, ''एक तिहाई'' शब्दों के स्थान पर ''एक चौथाई'' शब्द रखे जाएंगे।

———————

उद्देश्यों और कारणों का कथन

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा 5 ग्राम सभा की बैठकों और गणपूर्ति का उपबन्ध करती है। इस धारा की उपधारा (3) के अनुसार ग्राम सभा की किसी साधारण बैठक में गणपूर्ति के प्रयोजन के लिए एक या अधिक सदस्यों द्वारा प्रतिनिधित्व करने वाले कुटुम्बों की कुल संख्या के कम से कम एक तिहाई का प्रतिनिधित्व अपेक्षित है और विनिश्चय, उपस्थित तथा मतदान करने वाले सदस्यों के बहुमत द्वारा किया जाता है। यह देखा गया है कि बहुत सी ग्राम सभाओं में, विकास से सम्बन्धित प्रस्ताव गणपूर्ति के अभाव में बैठकों में अनुमोदित नहीं हो पाते और परिणामतः ग्राम पंचायत का विकास प्रतिकूलतः प्रभावित होता है। इसलिए इस बाधा को दूर करने के आशय से व्यापक जनहित में यह समझा गया है कि ग्राम सभा की साधारण बैठक के लिए गणपूर्ति को घटा कर एक चौथाई कर दिया जाए ताकि ग्राम पंचायत के विकासात्मक कार्य गणपूर्ति के अभाव में न रूकें। इसलिए पूर्वोक्त अधिनियम को तद्नुसार संशोधित करने का विनिश्चय किया गया है।

यह विधेयक उपर्युक्त उद्देश्यों की पूर्ति के लिए है।

(अनिल शर्मा)
प्रभारी मन्त्री।

शिमला
तारीख ....., 2016.

वित्तीय ज्ञापन

–शून्य–

प्रत्यायोजित विधान सम्बन्धी ज्ञापन

–शून्य–

AUTHORITATIVE ENGLISH TEXT

Bill No. 5 of 2016

THE HIMACHAL PRADESH PANCHAYATI RAJ (AMENDMENT) BILL, 2016

(As Introduced in the Legislative Assembly)

A

BILL

further to amend the Himachal Pradesh Panchayati Raj Act, 1994 (Act No. 4 of 1994).

Be it enacted by the Legislative Assembly of Himachal Pradesh in the Sixty-seventh Year of the Republic of India as follows:—

1. Short title.—This Act may be called the Himachal Pradesh Panchayati Raj (Amendment) Act, 2016.

2. Amendment of section 5.—In section 5 of the Himachal Pradesh Panchayati Raj Act, 1994, in sub-section (3), for the words and sign "one-third", the words and sign "one-fourth" shall be substituted.

STATEMENT OF OBJECTS AND REASONS

Section 5 of the Himachal Pradesh Panchayati Raj Act, 1994 provides for meetings and quorum of the Gram Sabha. According to sub-section (3) of this section, for the purpose of quorum in any general meeting of Gram Sabha representation of at least one-third of the total number of the families represented by one or more members is required and decision has to be taken by a majority of members present and voting. It has been observed that in most of the Gram Sabhas, the proposals relating to developments are not approved in the meetings for want of quorum and resultantly, development of the Gram Panchayat is adversely affected. Thus, in order to overcome this hurdle, it is considered in larger public interest that the quorum for the general meeting of the Gram Sabha is reduced to one-fourth so that developmental works of the Gram Panchayat are not hampered for want of quorum. As such, it has been decided to amend the Act ibid accordingly.

This Bill seeks to achieve the aforesaid objectives.

(ANIL SHARMA)
Minister-in-Charge.

SHIMLA.

The....., 2016.

FINANCIAL MEMORADNUM

—Nil —

MEMORANDUM REGARDING DELEGATED LEGISLATION

—Nil —

हिमाचल प्रदेश विधान सभा सचिवालय

अधिसूचना

04 अप्रैल, 2016

संख्याः वि0स0–विधायन–सरकारी विधेयक / 1–10 / 2016.–हिमाचल प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमावली, 1973 के नियम 140 के अन्तर्गत शिमला की सड़कों का उपयोग करने वालों तथा पैदल चलने वालों के लिए (लोक सुरक्षा और सुविधा) संशोधन विधेयक, 2016 (2016 का विधेयक

संख्यांक 6) जो आज दिनांक 4 अप्रैल, 2016 को हिमाचल प्रदेश विधान सभा में पुरःस्थापित हो चुका है, सर्व–साधारण की सूचनार्थ राजपत्र में मुद्रित करने हेतु प्रेषित किया जाता है।

हस्ताक्षरित / –
सचिव,
हिमाचल प्रदेश विधान सभा।

———————

2016 का विधेयक संख्यांक 6

शिमला की सड़कों का उपयोग करने वालों तथा पैदल चलने वालों के लिए (लोक सुरक्षा और सुविधा) संशोधन विधेयक, 2016

(विधान सभा में पुरःस्थापित रूप में)

शिमला की सड़कों का उपयोग करने वालों तथा पैदल चलने वालों के लिए (लोक सुरक्षा और सुविधा) अधिनियम, 2007 (2008 का अधिनियम संख्यांक 2) का और संशोधन करने के लिए **विधेयक**।

भारत गणराज्य के सड़सठवें वर्ष में हिमाचल प्रदेश विधान सभा द्वारा निम्नलिखित रूप में यह अधिनियमित हो :–

1. **संक्षिप्त नाम.**––इस अधिनियम का संक्षिप्त नाम शिमला की सड़कों का उपयोग करने वालों तथा पैदल चलने वालों के लिए (लोक सुरक्षा और सुविधा) संशोधन अधिनियम, 2016 है।

2. **धारा 2 का संशोधन.**––शिमला की सड़कों का उपयोग करने वालों तथा पैदल चलने वालों के लिए (लोक सुरक्षा और सुविधा) अधिनियम, 2007 (जिसे इसमें इसके पश्चात् 'मूल अधिनियम' कहा गया है) की धारा 2 की उपधारा (1) के खण्ड (ख) में ''कोर (मध्य) माल रोड़ से'' शब्दों और चिन्ह के पश्चात् ''राज्य सरकार द्वारा मेट्रोपोल के सामने अनुज्ञात पार्किंग स्थल के रूप में अधिसूचित क्षेत्र को अपवर्जित करके'' शब्द और चिन्ह अन्तःस्थापित किए जाएंगे।

3. **धारा 3 का संशोधन.**––मूल अधिनियम की धारा 3 की उपधारा (1) के खण्ड (iii) में प्रथम परन्तुक के पश्चात् निम्नलिखित परन्तुक अन्तःस्थापित किए जाएंगे, अर्थात्:–

''परन्तु यह और कि हिमाचल प्रदेश विधान सभा का वह सदस्य, जो मेट्रोपोल में रह रहा है और जिसे उसके यान को मेट्रोपोल तक चलाए जाने के लिए अनुज्ञात किया गया है, मेट्रोपोल के सामने अनुज्ञात पार्किंग स्थल में अपने यान को पार्क कर सकेगा :

परन्तु यह और कि हिमाचल प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्य मन्त्री, हिमाचल प्रदेश के मन्त्रियों, हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों और हिमाचल प्रदेश विधान सभा के पूर्व अध्यक्ष को कोर (मध्य) माल रोड़ के भाग शिमला क्लब से इंदिरा गांधी राज्य खेल परिसर तक उनके यान का चलाया जाना अनुज्ञात किया जा सकेगा :''।

4. **धारा 8 का संशोधन.**––मूल अधिनियम की धारा 8 की उपधारा (5) में ''तीन हजार'' शब्दों के स्थान पर ''दस हजार'' शब्द रखे जाएंगे।

उद्देश्यों और कारणों का कथन

शिमला माल रोड़ की पहचान को वापस लौटाने के लिए, आम रास्ते के रूप में इसका उपयोग रोकने के आशय से तथा शिमला नगर की सील्ड और प्रतिबन्धित सड़कों पर लोक सुरक्षा और सुविधा के हित में यातायात का विनियमन करने के लिए शिमला की सड़कों का उपयोग करने वालों तथा पैदल चलने वालों के लिए (लोक सुरक्षा और सुविधा) अधिनियम, 2007 अधिनियमित किया गया था। उपायुक्त, शिमला से मेट्रोपोल में रह रहे हिमाचल प्रदेश विधान सभा के सदस्यों के लिए मेट्रोपोल के सामने पार्किंग स्थल चिन्हित करने हेतु एक प्रस्ताव प्राप्त हुआ था। उपायुक्त, शिमला ने यह निवेदित किया है कि माननीय अध्यक्ष, विधान सभा ने विधान सभा के सदस्यों के साथ एक बैठक आयोजित की और उक्त बैठक में माननीय सदस्यों ने इस बात की ओर ध्यान दिलाया कि मेट्रोपोल में रहते हुए, मेट्रोपोल के सामने कोई पार्किंग स्थल न होने के कारण, उन्हें अत्यन्त कठिनाई हो रही है। अतः यह अनुरोध किया कि उन्हें मेट्रोपोल के सामने उनके यानों (वाहनों) को पार्क करने की अनुज्ञा प्रदान की जाए। प्रस्ताव का परीक्षण किया गया और माननीय सदस्यों की मांग को उचित समझा गया। अतः पूर्वोक्त अधिनियम में ऐसा उपबन्ध करने का विनिश्चय किया गया जो उन्हें मेट्रोपोल के सामने अधिसूचित पार्किंग स्थल पर उनके यानों (वाहनों) को पार्क करने के लिए समर्थ बनाए। इसके अतिरिक्त कुछ उच्च पदस्थों को उनके यान (वाहन) को इन्दिरा गांधी राज्य खेल परिसर तक चलाया जाना अनुज्ञात करना भी न्यायसंगत और युक्तियुक्त समझा गया है। इसके अतिरिक्त सील्ड सड़क या कोर (मध्य) माल रोड़ के भाग पर फिल्म की शूटिंग के लिए अनुज्ञात किए गए यानों (वाहनों) की दैनिक फीस की रकम को तीन हजार रुपए प्रतिदिन से बढ़ाकर दस हजार रुपए प्रतिदिन किया जाना भी आवश्यक समझा गया है। इसलिए पूर्वोक्त अधिनियम में संशोधन किए जाने आवश्यक समझे गए हैं।

यह विधेयक उपर्युक्त उद्देश्यों की पूर्ति के लिए है।

(वीरभद्र सिंह)
मुख्य मन्त्री।

शिमला :

तारीख : ....., 2016

———————

वित्तीय ज्ञापन

–शून्य–

———————

प्रत्यायोजित विधान सम्बन्धी ज्ञापन

–शून्य–

———————

AUTHORITATIVE ENGLISH TEXT

Bill No. 6 of 2016

THE SHIMLA ROAD USERS AND PEDESTRIANS (PUBLIC SAFETY AND CONVENIENCE) AMENDMENT BILL, 2016

(AS INTRODUCED IN THE LEGISLATIVE ASSEMBLY)

A

BILL

further to amend the Shimla Road Users and Pedestrians (Public Safety and Convenience) Act, 2007 (Act No.2 of 2008).

